अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक 15.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, अररिया के अधीन निम्नलिखित पथ का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिए गए:–

उपस्थित पदाधिकारी–

1.ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ

2.ई0 रजनीश कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया

3.ई0 हर्ष राज, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया

4.ई0 शहंशाह आलम, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया।

➢ **अररिया – कुर्साकांटा – कुंआड़ी – सिकटी पथः–** उक्त पथ की कुल लंबाई 34.509 कि0 मी0 है एवं पथ को 10.00 मी0 चौड़ा करना प्रस्तावित है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 937(एस), दिनांक– 05.02.2025 द्वारा रू0 15207.68 लाख मात्र है। कार्यादेश की तिथि 06.10.2025 एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 05.04.2028 निर्धारित है।

पथ के निरीक्षण के क्रम में लगभग 19 कि0 मी0 में चौड़ीकरण कार्य पूर्ण पाया गया। साथ ही पथ के लगभग 18 कि0 मी0 लंबाई में WMM कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त कार्य में 16 अदद पुलिया का निर्माण कार्य प्रावधानित है, जिसमें से पांच अदद पुलिया का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 04 अदद पुलिया का निर्माण प्रगति में है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि DLC 1 कि0 मी0 में एवं PQC 700 मी0 में किया जा चुका है।

कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को Structural Part में तेजी लाते हुए कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश स्थल पर ही दिया गया।

➢ **सैफगंज से सुकेला मोड़ भाया महथावा – मरगामा पथः–** उक्त पथ की कुल लंबाई 26.66 कि0 मी0 है। पथ को 5.50 मी0 चौड़ा करना प्रस्तावित है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 921(एस), दिनांक– 05.02.2025 द्वारा 9282.66 लाख मात्र के लिए प्रदान की गई है। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 414 अनु0, दिनांक– 27.03.2025 द्वारा रू0 9444.81 लाख मात्र की तकनीकी स्वीकृति उक्त कार्य हेतु प्रदान की गई है। उक्त कार्य के कार्यादेश की तिथि 08.09.2025 एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 07.03.2027 है।

पथ के निरीक्षण के क्रम में लगभग 16 कि0 मी0 में चौड़ीकरण कार्य पूर्ण पाया गया। पथ के लगभग 13 कि0 मी0 लंबाई में WMM कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 12 कि0 मी0 में DGBM कार्य किया जा चुका है। उक्त पथ में 18 अदद पुलिया का निर्माण किया जाना प्रावधानित है, जिसमें 05 अदद पुलिया का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। 04 अदद पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति में पाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यपालक अभियंता को Structural Part में तेजी लाते हुए कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश स्थल पर ही दिया गया।

- **फारबिसगंज रेलवे स्टेशन चौक से पंचमुखी मंदिर पोखर माया बड़ा शिवालय, ट्रेनिंग स्कूल चौक पथः–** उक्त पथ की कुल लंबाई 1.20 कि0 मी0 है, जिसमें चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य प्रस्तावित है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 7587(एस), दिनांक– 29.08.2025 द्वारा रू0 661.14 लाख मात्र के लिए प्रदान की गई है। उक्त कार्य की एकरारनामा की राशि रू0 532.511 लाख है। कार्य प्रारंभ की तिथि 24.03.2026 एवं समाप्ति तिथि 23.06.2026 निर्धारित है।

  निरीक्षण के दौरान नाला निर्माण कार्य प्रगति में पाया गया। कार्यपालक अभियंता को कार्य में तेजी लाते हुए ससमय कार्य पूर्ण करवाने हेतु निर्देश स्थल पर ही दिया गया।

16.5.26
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 541 दिनांक– 16/05/2026

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, अररिया को सूचनार्थ एवं निरीक्षण के क्रम में दिए गए निर्देश के अनुपालनार्थ प्रेषित।

16.5.26
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 541 दिनांक– 16/05/2026

प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

16.5.26
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner